Pप्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 153 / 2025)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 29-12- 2025 **तत्काल प्रकाशन हेतु**

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने बद्दी शहर के आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने नवंबर 2025 के महीने के दौरान व्यापक शहरी मार्गों को कवर करते हुए हिमाचल प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

11 नवंबर 2025 से 13 नवंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 180.0 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 6 हॉटस्पाट और 2.3 किलोमीटर वॉक टेस्ट और एक स्थान पर इंटर ऑपरेटर कॉलिंग टेस्ट करते हुए विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

### मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:

क) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


ख) डाटा सेवाएं: डाउनलोड/ अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।


**कॉल सेटअप सक्सेस रेट** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 98.11%, 98.64%, 99.73% और 96.82 % है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 2.20%, 6.34%, 0.55% और 0.27 है।

### प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन

**सी.एस.एस.आर.**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), **सी.एस.टी.**:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), **डी.सी.आर**: ड्रॉप कॉल रेट (%में), **एमओएस** : मीन ओपिनियन स्कोर



**सारांश - वॉइस सेवाएं**

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 98.11%, 98.64%, 99.73% और 96.82% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 1.44, 3.36, 0.79 और 1.06 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः2.20%, 6.34%, 0.55% और 0.27 है।

**कॉल साइलेंस/ म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 2.17%, 2.92% और 1.44% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः3.93, 2.37, 3.70 और 3.88 है।

**सारांश - डाटा सेवाएं**

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 168.90 Mbps, बीएसएनएल (4G//2G) की 8.26 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 252.75 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 12.64 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 34.93 , बीएसएनएल (4G/2G) की 5.37 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 30.78 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 5.91 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 22.56 ms, 26.87 ms, 26.38 ms और 34.40 ms है।

**डाटा निष्पादन - हॉट स्पॉट ( Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| **एयरटेल -** | G D/L: 40.65 | 4G U/L: 12.17 |
| | 5G D/L: 183.68 | 5G U/L: 42.66 |
| **बीएसएनएल -** | 5G D/L: 15.64 | 4G U/L: 11.85 |
| **आरजेआईएल -** | 4G D/L: 69.20 | 4G U/L: 12.24 |
| | 5G D/L: 377.30 | 5G U/L: 37.08 |
| **वीआईएल -** | 4G D/L: 11.67 | 4G U/L: 7.12 |

**नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड**

बड्डी में, नेटवर्क के मूल्यांकन में पंजेरा, सोभन माजरा, वांगलान, भाटियान, नालागढ़, रेरू झिरीवाला, खेड़ा निहाला, थेडा, किशनपुरा, मलकू माजरा, बड्डी बड्डी शीतलपुर, गुलारवाला, बरोटीवाला और हरिपुरम आदि जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे। भादूविप्रा ने बड्डी बस स्टैंड, बड्डी यूनीवर्सिटी, सिटी हौस्पीटल,बड्डी, दुर्गा काली धाम माता मंदिर बड्डी, मौरिस स्क्वायर मॉल बड्डी, श्री अरविंदो पब्लिक स्कूल बड्डी आदि स्थानों में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

13 नवंबर 2025 को आयोजित वाक टेस्ट में बड्डी शहर में सिटी स्क्वायर मॉल और गोल मार्केट बड्डी पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क के व्यवहार को दर्शाते हैं।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए, श्री विवेक खरे, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली) भादूविप्रा से ईमेल adv.ca@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-11-20907772 पर संपर्क किया जा सकता है।


विवेक खरे

**(विवेक खरे)**

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., दिल्ली